# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/22432/उत्सव (13–II)/2023–24 दिनांक : .08.2023

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा।**

**विषय :–** सत्र 2023–24 में **"नो बैग डे"** के अन्तर्गत विशेष गतिविधियों को शामिल किये जाने के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** शासन सचिव, स्कल शिक्षा विभाग, जयपुर का अ.शा. पत्र क्रमांक : 17(1)शिक्षा–1/No Bag Day/2020 जयपुर, दिनांक : 31.07.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक अ.शा. पत्र द्वारा सत्र : 2023–24 में **"नो बैग डे"** के अन्तर्गत विशेष गतिविधियों को शामिल किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये हैं। पत्रानुसार **"नो बैग डे"** के अन्तर्गत अग्रांकित 05 विशेष गतिविधियों को शामिल किया जाना है :–

1. **संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का सामुहिक पठन।**
2. **सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान** (असुरक्षित स्पर्श के विरूद्व जागरूकता)
3. **जीवन है अनमोल** (Life is Precious) सड़क सुरक्षा हेतु सकारात्मक पहल।
4. **Not to Tobacco (तम्बाकू से बचाव की मुहिम)** तम्बाकू रोधी मुहिम, जीवन में तम्बाकू की No Entry (बीड़ी, सिगरेट, गुटका, तम्बाकू युक्त दंत मंजन (लाल) के नुकसान के बारे में समझ विकसित करना)
5. **Be Smart पहल** : (विद्यालयों में व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम : Smart विद्यार्थी पहल।

उक्त क्रम में ही दिनांक : 05 अगस्त, 2023 को आयोजित होने वाले **"नो बैग डे"** के दिन **"पौधारोपण"** तथा 12 अगस्त, 2023 को **"सड़क सुरक्षा"** सम्बन्धित गतिविधियां कम से कम 02 घण्टे आयोजित कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जानी है। इसी क्रम में दिनांक : 19 अगस्त, 2023 को सम्पूर्ण राज्य में एक साथ "Good Touch, Bad Touch" जागृति कार्यक्रम का आयोजित किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

अतः संलग्नित अ.शा. पत्र में उल्लेखित उपर्युक्तानुसार विशेष गतिविधियों को शामिल कर **"नो बैग डे"** कार्यक्रम का सफल आयोजन करवाते हुए प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न :–यथोपरि।**

(काना राम)
आइ.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को उक्त कार्य के प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को अपने अधीनस्थ समस्त संस्था–प्रधानों को निर्देशित किये जाने के सम्बन्ध में।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने एवं समस्त सम्बन्धितों को ई–मेल प्रेषित करवाने बाबत।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
7. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
8. समस्त संस्था–प्रधान।
9. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.04 1?:13:45 IST
Reason: Approved

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department

**Naveen Jain, IAS**
**नवीन जैन, आई.ए.एस.**

Secretary to Government
School Education, Language, Library
And Panchayati Raj (Elementary Education),
Government of Rajasthan
शासन सचिव
स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय,
पंचायतीराज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग
राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

प्रिय संस्था प्रधान,

अ.शा. पत्रांक : 17(1)शिक्षा–1 / No Bag Day / 2020
जयपुर, दिनांक : 31/07/2023

विद्यार्थियों के समग्र विकास (Holistic Development) के लिए विभाग द्वारा 16 अक्टूबर, 2020 को ***"नो बैग डे"*** कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने और उनके अव्यक्त कौशल की पहचान करने के लिए, सीखने की पारंपरिक शिक्षण विद्याओं (Pedagogy) से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। इस कार्य में संस्थाप्रधान की भूमिका सदैव ही अग्रणी एवं महत्वपूर्ण रही है।

इस कार्यक्रम को प्रभावी एवं अधिक उपयोगी बनाने लिए इस सत्र में निम्नांकित **विशेष गतिविधियों** को ***"नो बैग डे"*** की गतिविधियों में शामिल किया गया है :–

**विशेष गतिविधियां :–**

1. **संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्त्तव्यों का सामूहिक पठन**
2. **सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान** (असुरक्षित स्पर्श के विरूद्ध जागरूकता)
3. **जीवन है अनमोल** (Life is Precious) सड़क सुरक्षा हेतु सकारात्मक पहल
4. **Not to Tobacco (तम्बाकू से बचाव की मुहिम)** तम्बाकू रोधी मुहिम, जीवन में तम्बाकू की No Entry (बीड़ी, सिगरेट, गुटका, तम्बाकू युक्त दंत मंजन (लाल) के नुकसान के बारे में समझ विकसित करना)
5. **Be Smart पहल :** (विद्यालयों में व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम : **Smart** विद्यार्थी पहल )

05 अगस्त, 2023 को आयोजित होने वाले ***"नो बैग डे"*** के दिन पौधारोपण का कार्य करें तथा 12 अगस्त, 2023 को "सड़क सुरक्षा" सम्बन्धी गतिविधियां कम से कम 02 घण्टे आयोजित कर बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी प्रदान की जावें, तब तक आप लोगों के पास विस्तृत दिशा–निर्देश आ जायेंगे और आप इस निर्देशिका के अनुसार शेष गतिविधियां आयोजित करेंगे। 19 अगस्त, 2023 को सम्पूर्ण राजस्थान में "Good Touch, Bad Touch" जागृति कार्यक्रम एक साथ आयोजित होगा जिसके सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश अलग से जारी होगा। इस पत्र को ध्यान से पढ़कर ***"नो बैग डे"*** को सभी अध्यापकों के साथ विद्यार्थी हित में गुणवत्तापूर्वक आयोजित करें।

शुभ कामनाएं,

(नवीन जैन)
शासन सचिव

समस्त संस्था प्रधान
राजकीय उच्च माध्यमिक / उच्च प्राथमिक / प्राथमिक विद्यालय

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Room No. 1213, Second Floor, Main Building, Secretariat, Jaipur - 302005
Tel. : 91 (141) 2227507 • e-mail : secy.schooleducation@rajasthan.gov.in

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित है :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया।
3. निदेशक, प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र को दिनांक 01.08.2023 तक समस्त संस्था प्रधानों को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
4. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
5. रक्षित पत्रावली।

शासन सचिव

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते